हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025

06 आज मुख्यमंत्री करेंगे दौरा, सीएम राइज संदीपनी...



07 जनपदवासियों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव व...





## खबर संक्षेप

### सुबह के समय बाल विहार मैदान रोड पर लग रहा जाम

**सीहोर।** बाल विहार मैदान के पास वाली सड़क पर हर सुबह जाम लगने लगा है। मजदूर वर्ग के लोग यहां सुबह जमा होते हैं। निर्माण कार्यों के लिए लोग इन्हें लेने आते हैं। मजदूरी तय करने का काम सड़क पर ही होता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो जाता है। लोग बाइक और चार पहिया वाहन भी सड़क पर खड़े कर देते हैं। इससे जाम और बढ़ जाता है। यातायात पुलिस ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। नमक चौराहा और बाजार के अन्य हिस्सों में भी यही हाल है। लोग दोपहिया वाहन बेतरतीब खड़े कर देते हैं। इससे हर दिन जाम लगता है। शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। कई बार लोगों ने पार्किंग स्थल की मांग की। लेकिन अब तक कोई काम नहीं हुआ।

### बिजली का दुरुपयोग पाए जाने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि अब ई-वाहन/ई-रिक्शा आदि की चार्जिंग में विद्युत का दुरुपयोग पाए जाने पर कार्रवाई होगी। कंपनी ने कहा है कि ई-वाहन तथा ई-रिक्शा मालिकों द्वारा उनके वाहनों की चार्जिंग में बिजली का दुरुपयोग किया जाना संज्ञान में आया है। कंपनी ने कहा है कि मैदानी अधिकारियों द्वारा यदि जांच में ऐसा पाया जाता है तो वाहन जप्त कर विद्युत अधिनियम के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्युत वितरण कंपनी ने ऐसे उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों की जांच में मीटर क्रमांक, उसकी कार्य प्रणाली एवं श्रेणी दर्ज करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने हेतु मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया है।

### जिला मुख्यालय पर निकले पथ संचलन के दौरान 100 से अधिक पुलिस जवान रहे तैनात

# शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाला पथ संचलन स्वयंसेवकों की कदमताल से गूंजे शहर के मार्ग

बता दें स्वयंसेवक इस आयोजन के लिए बीते कई दिनों से तैयारियों में जुटे हुए थे। जिला मुख्यालय पर पथ संचलन शाम 4 बजे बाल विहार मैदान से शुरू हुआ और विभिन्न प्रमुख चौराहों एवं मार्गों से होते हुए वापस बाल विहार मैदान पर ही समाप्त हुआ।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में शताब्दी पथ संचलन निकाला गया। इस संचलन में स्वयंसेवकों ने कदमताल करते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से निकले।बता दें स्वयंसेवक इस आयोजन के लिए बीते कई दिनों से तैयारियों में जुटे हुए थे। जिला मुख्यालय पर पथ संचलन शाम 4 बजे बाल विहार मैदान से शुरू हुआ और विभिन्न प्रमुख चौराहों एवं मार्गों से होते हुए वापस बाल विहार मैदान पर ही समाप्त हुआ।

### शहर भर में निकाला संचलन

संचलन का रूट बाल विहार मैदान से प्रारंभ होकर मनकामेश्वर मंदिर, तहसील चौराहा, अटल चौक, चरखा लाइन चौराहा, अमर टॉकीज, पावर हाउस चौराहा, मछली पुल, पुराना बस स्टैंड, कोतवाली चौराहा, पान चौराहा, गांधी रोड, चकला मोहल्ला, आष्टा रोड से जगदीश मंदिर चौराहा, पोस्ट ऑफिस, गंगा आश्रम, ट्रामा सेंटरए नदी चौराहा और बंदी मुक्त हनुमान मंदिर के सामने से होते हुए बाल विहार मैदान पहुंचा।

### सुरक्षा और यातायात के इंतजाम

आयोजन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि पथ संचलन में सुरक्षा व्यवस्था के लिए 100 से अधिक पुलिस जवानों को तैनात किया गया था। एसपी शुक्ला के अनुसार जिले भर में निकले संचलन के दौरान यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया गया, जिससे आम नागरिकों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।



### विधायक सुदेश राय ने भी संघ की गणवेश पहन मिलाए कदमताल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को जिला मुख्यालय पर निकले पथ संचलन के दौरान क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय आकर्षण का केन्द्र रहे। दरअसल, इस पथ संचलन के दौरान विधायक सुदेश राय संघ की पूर्ण गणवेश के साथ कदमताल मिलाते नजर आए। लोग चर्चा करते नजर आए कि विधायक सुदेश राय ने संभवतः पहली बार ही संघ की गणवेश पहली है। विधायक सुदेश राय की खास उपस्थिति के बीच बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने अपने कड़े अनुशासन और लयबद्ध कदमताल से शहर के प्रमुख मार्गों को गूंजा दिया। अनुशासित संचलन बाल विहार मैदान से शुरू हुआ और मनकामेश्वर मंदिर, तहसील चौराहा, अटल चौक, कोतवाली चौराहा, गांधी रोड से होते हुए वापस बाल विहार मैदान पर संपन्न हुआ।

### सुरक्षा और व्यवस्था रही उत्कृष्ट

आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में स्वयं सेवी शामिल होने बावजूद सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के पुख्ता इंतजामों के कारण आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। बड़ी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती और जरुरत के मुताबिक ट्रॉफिक रोका गया, जिससे आमजनों को भी किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

# मौत के 'मुस्कान अस्पताल' जैसे और कितने क्लीनिक !

### आमजनों की मांग: सीएमएचओ कार्यालय तुरंत जारी करे जिले के वैध अस्पतालों की सूची




**सीहोर।** जिले के बरखेड़ी गांव में अवैध रूप से संचालित मुस्कान अस्पताल में दो वर्षीय मासूम दीक्षा कुशवाहा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद सीएमएचओ कार्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जहां एक ओर अस्पताल संचालक अशोक विश्वकर्मा पर फिलहाल सिर्फ स्वास्थ्य विभाग के नियमों के उल्लंघन दिसंबर 2024 में बंद करने के आदेश के बाद भी अवैध संचालन के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई है, वहीं दूसरी ओर आम नागरिक अब जिले में संचालित फर्जी अस्पतालों की संख्या पर सवाल उठा रहे हैं। घटना के बाद आम नागरिकों और बुद्धिजीवियों ने सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया के कार्यालय से जिले के सभी वैध निजी अस्पतालों और क्लीनिकों की सूची को सार्वजनिक करने की मांग की है। नागरिक रंजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि यदि सीएमएचओ कार्यालय वैध अस्पतालों की सूची जारी करता है तो आमजनों को इलाज के लिए गफलत नहीं होगी। साथ ही यह भी पता चल सकेगा कि जिले में मिलीभगत से कितने अवैध अस्पताल संचालित हो रहे हैं।

दुकानदार लक्ष्मीनारायण पंवार का कहना है कि मुस्कान अस्पताल के कारनामे ने साफ कर दिया है कि जिले में अनेक फर्जी निजी क्लीनिक चल रहे हैं। दोबारा ऐसी घटना न हो, इसलिए सीएमएचओ को तुरंत वैध अस्पतालों की सूची जारी करनी चाहिए।

#### सीएमएचओ की गंभीरता पर सवाल

शिक्षाविद् संतोष सिसोदिया ने सीएमएचओ कार्यालय की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा जब सीएमएचओ कार्यालय को महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित अवैध क्लीनिक का 10 महीने तक पता नहीं चलाए तो उनकी गंभीरता पर सवाल खड़े होना लाजिमी है।

#### दीक्षा को न्याय का इंतजार

फिलहाल एफआईआर केवल अधिनियम की धारा 5 और 8 के तहत अवैध संचालन के लिए हुई है। मासूम दीक्षा की मौत में लापरवाही के मामले में कार्रवाई के लिए परिजनों और पुलिस को अभी जांच टीम की रिपोर्ट का इंतजार है। सीएमएचओ द्वारा गठित पाँच सदस्यीय जाँच टीम, जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ भी शामिल हैं यह पता लगाएगी कि दीक्षा की मृत्यु अवैध रूप से संचालित अस्पताल की लापरवाही या गलत इलाज के कारण हुई थी या नहीं। इस रिपोर्ट के बाद ही डॉक्टर अशोक विश्वकर्मा पर बच्ची की मौत से संबंधित धाराएं जोड़ी जा सकती हैं। फिलहाल संचालक अभी भी फरार है। नागरिकों का कहना है कि सीएमएचओ को केवल जांच टीम गठित करने या एफआईआर कराने तक सीमित न रहकर, जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता बहाल करने के लिए सभी वैध स्वास्थ्य संस्थाओं की सूची सार्वजनिक करनी चाहिए।

### विश्व कौशल प्रतियोगिता 2026 व इंडिया स्किल प्रतियोगिता के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 15

**सीहोर।** विश्व कौशल अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी द्वारा इंडिया स्किल प्रतियोगिता 2025 एवं वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता 2026 के लिए पंजीयन किए जा रहे हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2025 है। इच्छुक आवेदक पोर्टल पर 15 अक्टूबर से पहले पंजीयन करा सकते हैं। इसके अंतर्गत 63 प्रकार की विभिन्न स्किल्स में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार की शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है। पंजीयन के लिए केवल आयु सीमा की बाध्यता है। जिसमें आयु 16 से 22 वर्ष होना चाहिए एवं कुछ स्किल्स प्रतियोगिताओं में 25 वर्ष तक होना चाहिए।

विश्व कौशल अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी (WSI) द्वारा प्रत्येक दो साल में विश्व की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता ओलंपिक के समान का आयोजन सदस्य देशो में से एक देश में किया जाता है। वर्ष 2024 में यह प्रतियोगिता फ्रांस के ल्योन में आयोजित की गई थी तथा आगामी प्रतियोगिता सितंबर 2026 में चाइना के शंघाई में आयोजित की जाएगी। इस अन्तर्राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता के लिए अलग-अलग स्तर पर प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम स्तर पर चयन के लिए मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड द्वारा राज्य कौशल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

# बिजली विवाद पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष मुख्य आरोपियों के नाम एफआईआर से गायब होने का आरोप



**सीहोर।** जिले के शेखपुरा मंडी क्षेत्र में बिजली कनेक्शन के विवाद को लेकर दो पक्षों में गंभीर मारपीट का मामला सामने आया है। फरियादी गौतम गौर ने आरोप लगाया है कि उन पर और उनके भाई मोहित गौर पर महेश पुष्पद और घीसीलाल पुष्पद ने जानलेवा हमला किया, जिसमें मोहित गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में भर्ती हैं।

फरियादी गौतम गौर ने थाने में दी गई मौखिक रिपोर्ट में बताया कि 8 अक्टूबर को सुबह करीब 9 बजे वह और उनका भाई मोहित गौर घर की लाइट सुधरवाने के लिए पास की डीपी पर गए थे, तभी पड़ोसी महेश पुष्पद और घीसीलाल पुष्पद ने आकर गाली गलौज शुरू कर दी और महेश ने उनके घर का कनेक्शन वाला तार डीपी से निकाल दिया।

**लकड़ी के डंडे से मारा-पीटा :** विरोध करने पर महेश पुष्पद ने मोहित गौर को हाथ मुक्कों से मारना शुरू कर दिया और उसकी छाती पर बैठकर वहीं पड़े लकड़ी के डंडे से मारपीट की। गौतम ने जब बचाने की कोशिश की तो घीसीलाल ने उन्हें पकड़ लिया और उनके साथ भी मारपीट की। चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी महेश गौर, दीपक गौर और रोहित गौर आए और उन्होंने बीच-बचाव किया। जाते-जाते आरोपियों ने जान से खत्म करने की धमकी भी दी। मोहित गौर को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल सीहोर में भर्ती कराया गया है।

**एफआईआर पर उठे सवाल :** इधर फरियादी पक्ष ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। 9 अक्टूबर को शिकायतकर्ता गौतम गौर और मोहित गौर ने एक आवेदन देकर दावा किया है कि महेश और घीसीलाल पुष्पद के साथ हमले में अंकित, हर्षित पुत्र घीसीलाल और पिंटू भी शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि इन लोगों के हाथों में तलवार, बल्लम और कुल्हाड़ी जैसे धारदार हथियार थे और उन्होंने जान से मारने की नियत से हमला किया। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मंडी पुलिस ने जानबूझकर एफआईआर में मामूली धाराएं लगाई हैं और मुख्य आरोपी अंकित, हर्षित और पिंटू के नाम दर्ज नहीं किए हैं, जिससे वे बच सकें। उन्होंने मांग की है कि एफआईआर में मुख्य आरोपियों के नाम जोडक़र धाराएं बढ़ाई जाएं, हथियार जब्त किए जाएं और सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए।

# आशीष सांखला को मिली पीएचडी की उपाधि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में कार्यरत क्रीड़ा अधिकारी आशीष सांखला को श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट साइंस सीहोर द्वारा व्यक्तिगत और टीम खेलों में प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों के अभिजात वर्ग और गैर अभिजात वर्ग खिलाड़ियों का अध्ययन विषय पर पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। आशीष सांखला ने अपना शोध कार्य श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय सीहोर के डॉ. अजय तैलंग के निर्देशन में पूर्ण किया। सफलता का श्रेय आशीष सांखला ने अपने माता-पिता एवं अपने निर्देशक को दिया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएल रावल, स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने आशीष सांखला का स्वागत कर बधाइयां दी।

### ग्राम पढ़ाना में संघ शताब्दी वर्ष में निकला पथ संचलन

# 'भारत को हम अधिक संगठित और आत्मनिर्भर बनाएं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

संघ के शताब्दी वर्ष में नलखेड़ा खंड के पढ़ाना मंडल पर अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में समवेत स्वर में गगनभेदी घोष करते हुए जब ग्राम के प्रमुख मार्गों से संचलन करते निकले तो वातावरण में राष्ट्रभाव की गूंज गूंज उठी। ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया और इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। यह पथ संचलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि संगठन शक्ति, संस्कार और समर्पण की अद्भुत झांकी बन गया। शताब्दी वर्ष का यह अमृत पर्व ग्राम के प्रत्येक नागरिक के हृदय में प्रेरणा का






दीप प्रज्वलित कर गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबूलाल पाटीदार पढ़ाना ने की एवं मुख्य वक्ता जिला सह कार्यवाह गोपाल बैरागी जिला सह कार्यवाह रहे। बैरागी द्वारा स्वयसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है यह केवल वर्षों की गणना नहीं, बल्कि एक सतत साधना का प्रतीक है। इन सौ वर्षों में संघ ने संगठन, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना से लाखों स्वयंसेवकों को गढ़ा है। शताब्दी वर्ष का यह अवसर हमें यह संकल्प दिलाता है कि आने वाले सौ वर्षों में भारत को हम अधिक संगठित, आत्मनिर्भर और संस्कारित बनाएं। पथ संचलन, सेवा कार्य, परिवार प्रबोधन और समाज एकत्रीकरण यही इस वर्ष की दिशा है। हमारा हर स्वयंसेवक समाज में समरसता, स्वावलंबन और स्वाभिमान का दीप जलाए यही संघ का शताब्दी वर्ष का आह्वान है।

### अभाविप की नगर कार्यकारिणी की हुई घोषणा





**नलखेड़ा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नलखेड़ा नगर की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें श्रुति प्रजापति अध्यक्ष व अभी गुर्जर मंत्री नियुक्त किए गए। स्थानीय जायसवाल कालोनी स्थित माधवकुंज में अभाविप की बैठक का आयोजन जिला संगठन मंत्री सत्यम दवे व जिला संयोजक हुसैन दरबार की उपस्थिति में हुआ। बैठक में परिषद के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें नगर अध्यक्ष श्रुति प्रजापति एवं नगर मंत्री अभी गुर्जर सहित अन्य पदाधिकरियों की घोषणा की गई। गौरतलब है कि अभी गुर्जर को लगातार दूसरी बार मंत्री पद का दायित्व मिला है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को परिषद के कार्यकर्ताओं व इष्टमित्रों द्वारा बधाई दी गई।

## खबर संक्षेप

### युवक की सड़क हादसे में मौत, मामला दर्ज किया

**देवास।** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह घटना तब हुई जब युवक अपने घर लौट रहा था। जानकारी के अनुसार, संजय नगर का रहने वाला रवि पुत्र ओमप्रकाश राजपूत स्कूटी से गैल गैस चौराहे की ओर से घर जा रहा था। तभी सामने से आ रही एक लोडिंग रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद लोडिंग ऑटो के कांच टूट गए। रवि को डायल 112 की मदद से जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद लोडिंग ऑटो के कांच टूट गए। रवि को डायल 112 की मदद से जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अविवाहित था। बताया जा रहा है कि मृतक रवि औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कंपनी में नौकरी करता था। परिवार में एक बड़ा भाई और माता-पिता हैं। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बस को आयशर वाहन ने टक्कर मारी, तीन घायल

**देवास।** सिया में सोमवार को एक अनियंत्रित आयशर वाहन ने आगे चल रही बस को टक्कर मार दी, जिससे बस में सवार तीन यात्री घायल हो गए। टक्कर के बाद आयशर वाहन सडक्र पर पलट गया और पीछे आ रही एक कार भी उसकी चपेट में आ गई। यह हादसा बीएनपी थाने के अंतर्गत सिया के समीप दोपहर बाद हुआ। टोंकखुर्द से यात्रियों को लेकर आ रही बस को आयशर वाहन ने पीछे से टक्कर मारी। आयशर वाहन में प्लास्टिक के पाइप अन्य सामग्री भरी हुई थी। हादसे में बस में सवार तीन यात्री घायल हुए, जिनकी पहचान हिरालाल (60), राधाबाई (55) और अनमोल (9) के रूप में हुई है। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

### बागली को शिक्षा के क्षेत्र में मिलेगी सौगात, लंबे इंतजार के बाद सीएम का होगा दौरा

# आज मुख्यमंत्री करेंगे दौरा, सीएम राइज संदीपनी स्कूल भवन का होगा लोकार्पण

### जानकारी अनुसार दोपहर 3.30 बजे तक मुख्यमंत्री यादव पहुंचेंगे, लगभग 1 घंटे रुकेंगे सीएम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बागली

विधानसभा बागली अंतर्गत क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मंगलवार को मिलने जा रही है। सीएम राइस स्कूल संदीपनी भवन में बैठक कर पढ़ाई करने का इंतजार अब खत्म होगा। मंगलवार के दिन मुख्यमंत्री मोहन यादव का प्रस्तावित कार्यक्रम बागली मुख्यालय पर होना है, जिसको लेकर शासन प्रशासन ने ताबड़तोड़ तैयारियां की हैं। मुख्यमंत्री द्वारा नवनिर्मित स्कूल भवन का लोकार्पण किया जाएगा, पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नोजे के प्रयास से बागली को यह बड़ी सौगात मिली थी। उन्हीं के विधायक रहते स्कूल भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था जो कि अब पूर्ण हो चुका है, जिसके लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव बागली पहुंच रहे है।जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर है। राजनेता भीड़ एकत्रित करने के लिए जुटे हुए हैं, तो वहीं प्रशासनिक सिस्टम भी मुख्यमंत्री के सामने कोई चुक ना हो उसकी तैयारी में जुटा हुआ है। सोमवार के दिन सभा स्थल पर तेजी से कार्य किया जा रहा था। बता दे की पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नोजे के प्रयास से बागली को सीएम राइज स्कूल की सौगात मिली थी। हालांकि पढ़ाई तो पूर्व में ही प्रारंभ हो चुकी थी। नवनिर्मित भवन का लोकार्पण होने के बाद अब इस भवन में बच्चे पढ़ाई करेंगे जो कि क्षेत्र के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात होगी। जहां पर उच्च स्तरीय शिक्षा बच्चों को मिलेगी। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सभा स्थल, हेलीपैड और सीएम राइज स्कूल परिसर में तैयारी आखिरी चरण पर थी। राजनीतिक गलियारों से मिली जानकारी के अनुसार दोपहर 3.30 बजे तक मुख्यमंत्री यादव का बागली पहुंचने का बताया जा रहा है। बता दे की पूर्व में 2023 से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के तीन बार कार्यक्रम प्रस्तावित हुए थे, लेकिन तीनों बार एनवक्त पर कार्यक्रम निरस्त हो गए थे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव द्वारा भी बैठक आयोजित की गई। प्रशासनिक कर्मचारीयों की भी कई बैठके आयोजित हो चुकी है।कहा जाता है कि यदि नेता किसी क्षेत्र में आता है तो जो काम वर्षों में नहीं हो पाया। वह कुछ दिनों में हो जाते हैं। बागली का एकमात्र कॉलेज लंबे समय से बदहाल नजर आ रहा था, जिस पर कॉलेज प्रबंधन कलर तक नहीं करवा पा रहा था, लेकिन मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए एवं हेलीपैड स्थल कॉलेज परिसर में होने के कारण ताबड़तोड़ कॉलेज प्रबंधन द्वारा कॉलेज भवन पर बाहर से कलर कराया गया है। हालांकि अंदर स्थिति अभी भी बदहाल है।

## श्री बालाजी सेवा समिति की भजन संध्या में उमड़ा जनसैलाब

### द्वारका मंत्री के भजनों पर झूमें भक्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸ देवास

गौतम नगर एवं सिद्धराज नगर स्थित श्री बालाजी सेवा समिति द्वारा भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम इस वर्ष भी देखने को मिला। समिति के तत्वावधान में आयोजित 12वीं वार्षिक भजन संध्या ने भक्तों को देर रात तक भक्ति रस में सरोबार रखा। आयोजक जगदीश गोयल ने बताया कि यह भव्य आयोजन विकास नगर से बालगढ़ रोड स्थित गौतम नगर, श्री राम टेन्ट के पास रात्रि 8 बजे आरंभ हुआ और देर रात्रि तक वातावरण "जय श्रीराम" और "हर हर महादेव" के उद्घोषों से गूंजता रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव खण्डेलवाल, पूर्व देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव, सभापति रवि जैन, नरेन्द्र सोलंकी, पार्षद अजय तोमर, राज वर्मा, मनीष जैन, विहिप बजरंग दल से संदीप चौबे, दुर्गावाहिनी प्रांत संयोजक ज्योति शर्मा तथा गौ-रक्षा प्रमुख रमेश कौशल।

समिति ने सभी अतिथियों का स्वागत भगवा गमछा ओढ़ाकर अभिनंदन किया। संध्या का मुख्य आकर्षण रहे सुप्रसिद्ध भजन गायक द्वारका मंत्री, जिन्होंने अपने सुमधुर भजनों की शरुआत गणेश वंदना से की। भजन गायक मंत्री जी ने "श्री राम नाम की लूट है लूट सके तो लूट", "श्याम तेरे बिना क्या जिया"...., "मेरा मन मंदिर में आज बसे हैं बालाजी"..., चामुंडा माँ का नाम ले के काम किए जा..., हम आये तेरी चौखट पर..., बास की बासुरिया पे घणो इतरावे..., मेरा श्याम से नाता है..., सांवरिया सेठ दे दे..., सहित भोलेनाथ, श्याम बाबा, मातारानी, हनुमान जी के कई आकर्षक भजनो क्री प्रस्तुति दी, जिससे समूचे पंडाल को भक्ति में झुमा दिया। कार्यक्रम के दौरान कालका माता, हनुमान जी एवं राधा-कृष्ण की भव्य झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। झांकियों में सजीव प्रस्तुति और प्रकाश सज्जा ने आयोजन को दिव्यता से आलोकित कर दिया। भजनों की मधुर धुन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे, तालियों की गूंज और जयघोषों ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। समिति द्वारा गणेशोत्सव में भाग लेने वाले स्थानीय बच्चों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों में अपार उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर समारोह में मुख्य रूप से अवधेश शास्त्री, अमरदेव ठाकुर, डॉ. अश्विन सोनगरा, युवराज धाकड़, लोकेश पटेल, महेश बोडाने, राकेश वर्मा, बालकृष्ण वर्मा, अनिल वर्मा, चिंटू वर्मा, कोशलेन परिहार, गौरव अग्रवाल, सूरज थोसर, ताराचंद गौड़, रितेश द्विवेदी, भरत यादव, मनीष पंड्या (काका), शुभम जाधव, लव गुप्ता, अजय श्रीवास, अशोक वीके, जितेंद्र कुशवाह, माखन गोयल, आनंद जाधव, रणछोड़ पटेल, मुकेश मालवीय, गोविंद दुबे, प्रकाश सेठ, अर्जुन चौधरी, अर्जुन वर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। समारोह का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## आयुक्त ने सुबह किया स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ देवास

शहर की सफाई व्यवस्था मे कसावट लानें के उद्देश्य को लेकर आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा सोमवार को विभिन्न कालोनी क्षेत्रों के वार्डो का प्रातःकालीन आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया गया। आयुक्त के द्वारा वार्ड 9, 10, 11, 26, 27, 28 मे निरीक्षण के दौरान घरों घर कचरा संग्रहण गाड़ियों का भी वार्डो मे निरीक्षण कर गीले, सुखे कचरे के प्रथक्कीकरण को भी देखा गया। साथ ही चालक एवं सहायकों को मौके पर सख्त



निर्देश जारी किए गए कि वार्डो मे समयानुसार कचरा वाहनों का संचालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त के द्वारा वार्डों मे दरोगाओं को सख्त निर्देश जारी किए गए कि वे अपने अधीनस्थ सफाई मित्रों को सौंपे गए क्षेत्रों मे व्यापक रूप से सफाई कार्य करवाने हेतु प्रेरित करे और उन पर नियंत्रण रखें तथा उनकी उपस्थिति भी समयानुसार दर्ज करें तथा अपने वार्ड क्षेत्रों मे किसी भी प्रकार का कचरा पाईंट निर्मित नहीं होंने दें। आयुक्त के निरीक्षण के दौरान निगम स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक हेमन्त उबनारे, स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार, प्रवीण खरे व वार्ड दरोगा उपस्थित रहे।

## विरोध प्रदर्शनः भारतीय किसान संघ का चौथे दिन भी जारी रहा धरना, बजाई भैंस के सामने पुंगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चापड़ा



भारतीय किसान संघ व्दारा एसडीएम कार्यालय बागली के सामने विगत चार दिनों से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शन के चलते सोमवार को बड़ी संख्या में किसान एकत्रित हुए और अपना धरना प्रदर्शन जारी रखते हुए, विरोध प्रदर्शन किया।किसानो की मांग है कि खराब हुई फसलों कि राहत राशि के नाम से नाम मात्र की ही राहत राशि किसानों को मिली है।बागली विकासखंड के एसडीएम कार्यालय के बाहर 10 अक्टूबर से किसान धरने पर बैठे हुए है।सोमवार को बागली मुख्यालय पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सैटेलाइट पद्धति के विरोध स्वरूप धरना स्थल पर सभी पदाधिकारी व किसानों ने भैंस के आगे पुंगी बजा कर प्रदर्शन किया। तहसील अध्यक्ष अनिल पाटीदार ने बताया कि एसडीएम ,तहसीलदार धरना स्थान पर पहुंचे। एसडीएम शिवम यादव ने कहा थोड़ी देर में बात करके बताता हूं और फोन बंद कर लिया उनका जवाब नहीं आया, इसलिए भारतीय किसान संघ और अन्य किसान भैंस के आगे बीन बजाने को मजबूर हुए और कहावत को सही में साबित कर दिया। बागली अनुभाग के प्रशासन के अधिकारीयों ने किसानों की बातों का अनसुना कर दिया। प्रांत सदस्य रामप्रसाद सूर्या ने बताया कि पिछले वर्ष सोयाबीन, मक्का फसल में काफी नुकसान हुआ था। उसके बाद सर्वे दल गठित हुआ लेकिन किसानों को फसल बीमा एवं राहत राशि नहीं मिली। जानकारी अनुसार जिले में जो जानकारी तहसील से भेजी गई वह 20% नुकसान की भेजी गई जिससे किसानों को लाभ नहीं मिला। नियम अनुसार 25% से अधिक नुकसानी होने पर किसानों को राजस्व कंडिका की धारा 6-4 के तहत राहत राशि देने का भी प्रावधान है। वही इस वर्ष 30% रकबे में लगभग 70-80% नुकसान हुआ है लेकिन जो राशि जिले में आवंटित हुई है वह बहुत ही कम है। 2018 में भावांतर राशि सोयाबीन पर 500रु प्रति क्विंटल देने की तत्कालीन सरकार शिवराज सिंह चौहान ने मंजूरी की थी लेकिन आज तक वह राशि किसानों को नहीं मिली। वही प्याज और लहसुन पर अंतर की राशि देवास जिले की 29 करोड रुपए बकाया है। इस अवसर पर प्रांत सदस्य राम प्रसाद सूर्या, प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार,संभागीय सह मंत्री बहादुर सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष हुकम पटेल भगवान भाई पटेल, सतीश प्रजापति ,राकेश जाट, महेश पाटीदार, डालूराम भाटी, तहसील अध्यक्ष अनिल पाटीदार, रामनारायण यादव सहित कई किसान उपस्थित थे।

## शहर जिला कांग्रेस ने बालगढ़ में चलाया वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान, लोगों से कराए हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ देवास




शहर जिला कांग्रेस के तत्वावधान में शहर के विभिन्न स्थानों पर "वोट चोर गद्दी छोड़" अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बालगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, प्रभारी सदाशिव यादव, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी की विशेष उपस्थिति रही। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर हस्ताक्षर कर अभियान का समर्थन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वर्मा ने कहा कि "मोदी सरकार लगातार मतदाता सूचियों में गड़बड़ियां कर रही है।

यह केवल एक स्थान की नहीं, बल्कि पूरे देश में हो रही समस्या है। आपके वोट की चोरी की जा रही है, और आपके स्थान पर कोई और व्यक्ति मतदान कर रहा है। परिणामस्वरूप, जो सरकार आप बनाना चाहते हैं, वह नहीं बन पा रही है, बल्कि आपकी मंशा के विपरीत सरकारें बन रही हैं।" इस अवसर पर सदाशिव यादव ने कहा कि "यह अभियान केवल आपके जिले या प्रदेश में नहीं, बल्कि पूरे देशभर में चल रहा है। आप स्वयं अपनी मतदाता सूची की जांच करें कि कहीं आपका नाम दो जगह तो दर्ज नहीं है।

यदि ऐसा है, तो शीघ्र ही एक स्थान से अपना नाम हटवाएं। बड़े पैमाने पर ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि एक ही व्यक्ति का नाम कई जगह दर्ज पाया जा रहा है। जागरूक होना समय की जरूरत है।" कार्यक्रम में प्रयास गौतम, मनीष चौधरी, प्रदीप चौधरी, रेखा वर्मा, गुरुचरण सलूजा, सुधीर शर्मा, रोशन रायकवार, जाहिद पठान सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन गोवर्धन देसाई ने किया तथा आभार श्याम पटेल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर श्रीराम कुमावत, भगवान सिंह चावड़ा, दीपक जाटव, नरेंद्र यादव लल्ला, ओमप्रकाश अंधेरिया, घनश्याम पटेल, दिलीप सिंह बजेपुर, विश्वजीत सिंह चौहान, राजेश राठौर, मुकेश थावलिया, वंदना पांडे, गजेंद्र तोमर, खलील शेख, अविनाश जेठवा, गौरव जोशी, विशाल यादव, दिग्विजय सिंह झाला, राजेश देवड़ा, रूपेश कल्याने, मोहम्मद शाजी, गोलू हाजी, एम. जहीर शेख, अनिल गोस्वामी, हाफिज गोसी, अमितेश पांडे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में सीपीआर जागरूकता सप्ताह के तहत ली शपथ

# कर्मचारियों को सीएमएचओ कार्यालय में दिया सीपीआर प्रशिक्षण





हरिभूमि न्यूज ▸▸ देवास

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार दिनांक 13 से 17 अक्टूबर 2025 तक कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य जन समुदाय में सीपीआर के महत्व को प्रवर्तित एवं परिवर्धित करना हैं ताकि आम नागरिक आकस्मिक परिस्थिति में तत्काल जीवन रक्षक सहायता देने में सक्षम हो सके।

सीएमएचओ बेक ने बताया की जागरूकता सप्ताह अंतर्गत सीएमएचओ कार्यालय में 13 अक्टूबर को किसी आकस्मिक स्थिति में किसी व्यक्ति को सीपीआर केसे दिया जा सकता है जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. राजेंद्र गुजराती द्वारा सभी अधिकारियों और कर्मचारियों शासकीय सेवको को तकनीक पर प्रशिक्षण दिया गया बताया कि सीपीआर तब आवश्यक होता है जब कोई व्यक्ति अचानक गिर जाए और सांस न ले रहा हो, बेहोश हो जाए, नब्ज न चल रही हो, दम घुट रहा हो, डूब गया हो, करंट लग गया हो या दिल का दौरा पड़ा हो। ऐसी स्थिति में तुरंत एम्बुलेंस बुलाएं और सी पी आर देना शुरू करें। इस अवसर पर सभी को सीपीआर जागरूकता हेतु शपथ दिलवाई गई। जागरूकता अभियान में सभी ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य संस्थाओं में शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सीएमएचओं डॉ. बेक ने बताया कि सीपीआर जागरूकता सप्ताह अंतर्गत तकनीक पर प्रशिक्षण चिकित्सको, नर्सिंग ऑफिसर्स, पैरामेडिकल छात्र एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को सीपीआर का प्रत्यक्ष प्रदर्शन करते हुये प्रशिक्षण आमजन में जागरूकता हेतु पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी (क्विज), रैली आदि गतिविधिया रेड क्रॉस सोसायटी एवं स्थानीय सामुदायिक संगठनों के सहयोग से प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन किया जाएगा।

## अवैध कच्ची शराब बिक्री के खिलाफ दिए ज्ञापन के बाद पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ चापड़ा

कमलापुर में विगत दिनों ग्रामीणों ने गांव में बिक रही अवैध कच्ची शराब के विरोध में पुलिस थाना कमलापुर पर ज्ञापन दिया था, जिसमें मांग की गई थी कि गली मोहल्ले में बिकने वाली कच्ची शराब पर प्रतिबंध लगाया जाए। इसके बाद थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर के नेतृत्व में जिस मोहल्ले में अवैध कच्ची शराब बेची जा रही है, वहां दबीश देकर कार्रवाई की गई और कच्ची शराब भी जब्त की है। बताया जा रहा है कि अवैध कच्ची शराब विक्रय पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन देने वाले लोगों के घर जाकर अवैध शराब बेचने वालो के घर कि महिलाओं ने गाली गलोच करते हुए विवाद किया हैं, जिसको लेकर थाने पर पहुंचकर पुलिस को मामले की जानकारी दी गई है। थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर ने बताया कि अवैध कच्ची शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। नाहर ने बताया कि गायत्री बाई के विरुद्ध 170 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। साथ ही आबकारी विभाग द्वारा नारायण के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

खबर संक्षेप



## कवि विद्रोही ने किया जिले का नाम रोशन

**ललितपुर।** युवा कवि जैन वीरेंद्र विद्रोही ने कवि सम्मेलन के संयोजन व संचालन के जरिए देश में जिले का नाम रोशन किया है। अभी हाल में ही राजस्थान के बूंदी, नेंनवा में अपनी कवि टीम के साथ जाकर जनपद का नाम रोशन किया है। मध्य प्रदेश के इंदौर, भोपाल, शाहगढ, मुंगावली के बाद उड़ीसा प्रांत में अपने मंच संचालन, संयोजन के माध्यम से इस जनपद को गौरान्वित किया है। इस समय कवि जैन वीरेंद्र विद्रोही पूरे हिंदुस्तान में कवि सम्मेलन संचालक, संयोजक रूप में विशेष ख्याति प्राप्त कर चुके है। निरंतर अच्छी कवि टीम के साथ अपने संयोजन को मजबूती के साथ लेकर निरंतर आगे बढ़ रहे है। अपने जनपद का नाम रोशन करने में उन्हें बहुत खुशी महसूस होती है। इसी माह महाराष्ट्र में औरंगाबाद, जालना में संयोजित कवि सम्मेलन का संचालन करेंगे।

## साबरमती एक्सप्रेस से यात्री का बैग चोरी

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला मुजफ्फरपुर के कमतौल निवासी अध्रत आर्य पुत्र दिनेश सिंह ने जीआरपी ललितपुर पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। अध्रत ने जीआरपी पुलिस को बताया कि बीती 4 सितम्बर को वह ट्रेन नं. 19166 साबरमती एक्सप्रेस के कोच नं. बी-4 की सीट नं. 27 पर मुजफ्फरपुर से उज्जैन की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसकी नींद लग गयी, जब उसकी नींद खुली तो देखा कि उसका बैग जो कि नीले रंग का था और उसमें एक चार्जर, 8 हजार रुपये नकद, आईसीआईसीआई के दो क्रेडिट कार्ड, एसबीआई के दो क्रेडिट कार्ड, दिल्ली यूनिवर्सिटी की आई.डी., सूरत यूनिवर्सिटी की आई.डी. एक डिपार्मेंट पोस्ट की आई.डी., आधार कार्ड, पैनकार्ड इत्यादि सामान रखा हुआ था, जो कि ललितपुर स्टेशन आने के पहले समय करीब 7 बजे किसी अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया। जीआरपी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दूध-सब्जी लेने जा रहे युवक पर हमला

**ललितपुर।** सिटी चौकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला विष्णुपुरा में हुये खूनी संघर्ष के बाद कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पक्ष की ओर से शिकायती पत्र के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित पक्ष की ओर से विष्णुपुरा निवासी बृजेन्द्र कुमार उर्फ बृजू ने बताया कि 12 अक्टूबर को सुबह करीब सवा नौ बजे वह दूध, सब्जी लेने के लिए जा रहा था। तभी मोहल्ले में रहने वाले रिषव, शनि पुत्रगण लक्ष्मन, सोनू पुत्र कल्लू व लक्ष्मन एकराय होकर आये और बिना कारण गालियां देने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी और पुत्री के बाल पकड़कर खींच दिये। घटना के बाद उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की द्वितीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

# जनपदवासियों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव व उपचार के लिए जागरूक करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में माह अक्टूबर 2025 में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु द्वितीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। सीएमओ ने अभियान की संक्षिप्त रुप रेखा प्रस्तुत करते हुए बताया की संचारी से सम्बन्धित विभागों ने द्वितीय सप्ताह में अपनी कार्ययोजनानुसार कार्य किया है।

पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट ने विभागों द्वारा किए गये कार्यों की विभागवार द्वितीय सप्ताह की उपलब्धि रिपोर्ट प्रस्तुत की इन गतिविधियों के माध्यम से जनपदवासियों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया जायेगा। साथ ही सम्बन्धित विभिन्न विभागों से नियमित सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाया जायेगा। उन्होनें सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से पूर्ण मनोयोग से कार्य करने के लिए कहा। जिला मलेरिया अधिकारी ने



डैसबोर्ड से प्राप्त मानीटरिंग फीडबैक प्रस्तुत किया। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के मानीटरिंग फीडबैक की समीक्षा करते हुए एडीएम ने एसएमओ (डब्लू.एच.ओ.) एवं डी.एम.सी. यूनीसेफ को निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के प्रतिदिन के मानीटरिंग फीडबैक को प्रतिदिन सीएमओ को उपलब्ध करायें, जिससे कोई भी कमी होने पर उसमें तत्काल आवश्यक सुधार की कार्यवाही कराई जा सके। जिससे जनपद की रैंक प्रदेश में उच्च स्तर पर बनी रह सके। सभी गतिविधियां माइक्रोप्लान अनुसार गुणवत्ता शत-प्रतिशत पूर्ण करायें। अभियान में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। बैठक में अपर सीएमओ, बीएसए, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, डीपीआरओ, नगर विकास विभाग, सीडीपीओ, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, एस.एम.ओ., डब्लू.एच.ओ., डी.एम.सी.यूनीसेफ, समस्त चिकित्सा अधीक्षक, सहायक मलेरिया अधिकारी, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक एवं मलेरिया निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

### जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किया आदेश

## मतदान व मतगणना के दिन बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**ललितपुर।** राज्य निर्वाचन आयुक्त लखनऊ की अधिसूचना 15 सितम्बर 2025 के अनुक्रम में कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी न.नि. के सार्वजनिक नोटिस 18 सितम्बर 2025 के अनुसार नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद उपनिर्वाचन सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसके अनुसार मतदान 15 अक्टूबर 2025 (दिन बुधवार) को समय पूर्वान्ह 07 से अपरान्ह 05 बजे तक होना सुनिश्चित है एवं मतगणना 17 अक्टूबर 2025 (दिन शुक्रवार) को समय सुबह 08 बजे से समाप्ति तक मतगणना स्थल कृषि उत्पादन मण्डी समिति अमरपुर में सम्पन्न करायी जायेगी।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में आबकारी आयुक्त उ.प्र. की अधिसूचना 10 सितम्बर 1999 द्वारा प्रकाशित उ.प्र. आबकारी (संशोधन) नियमावली 1999 में प्रावधान है कि यदि किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य या उप निर्वाचन में हो, तो उस निर्वाचन क्षेत्र तथा उसके चारों ओर 08 किलोमीटर क्षेत्र में स्थित विदेशी मदिरा, देशी शराब, ताड़ी और भांग की समस्त लाइसेन्स प्राप्त दुकानें और उनकी बिक्री के लिए स्वीकृत अन्य लाइसेन्स, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ग के खण्ड (एक) में यथा उपबन्धित के अनुसार मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय से 48 घण्टे पूर्व की अवधि के दौरान बन्द रहेंगे। अतएव जिला मजिस्ट्रेट अमनदीप डुली आबकारी अधिनियम-1910 की धारा-59 में प्रदत्त शास्तियों एवं अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह आदेश दिया है कि उपबन्धित प्राविधान के अनुसार जनपद में नगर पालिका परिषद तथा उसके चारों ओर 08 किलोमीटर क्षेत्र में स्थित समस्त देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, मॉडलशाप, एफ.एल.-7 बार एवं भांग की फुटकर दुकानों तथा समस्त थोक अनुज्ञापनों से मादक वस्तुओं की बिक्री मतदान दिवस 15 अक्टूबर 2025 को मतदान समाप्ति के नियत समय सांय 05 बजे से 48 घण्टे पूर्व अर्थात 13 अक्टूबर को सांय 05 बजे से 15 अक्टूबर 2025 को मतदान समाप्त होने तक तथा मतगणना 17 अक्टूबर 2025 को मतगणना प्रारम्भ से मतगणना समाप्ति तक पूर्णतः बन्द रखी जायेगी। इस बन्दी के फलस्वरूप अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिफल देय नही होगा।

### मासूम की मौत के बाद कार्रवाई

## बिना पंजीयन की क्लीनिक संचालक पर प्राथमिकी दर्ज

**ललितपुर।** जिले के बांसी क्षेत्र में बिना पंजीकरण संचालित दिव्यांशी क्लीनिक के संचालक डा.रवि वर्मा के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्रवाई क्लीनिक में इलाज के दौरान बीती 09 सितंबर 2025 को एक बालिका रोगी की कथित मौत और अवैध रूप से चिकित्सा व्यवसाय करने के आरोप में की गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 318(3) और इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट, 1956 की धारा 15(3) के तहत थाना जखौरा में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 256/2025 दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय से जारी पत्रांक 520/2025-26 दिनांक 10 अक्टूबर 2025 के माध्यम से चौकी थाना प्रभारी बांसी को यह शिकायत भेजी गई थी, जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज हुई है।जांच समिति का गठन- बालिका रोगी की मौत की घटना के बाद, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने डा.धर्मेन्द्र मौर्या, डा.जितेन्द्र कुमार और डा.राहुल जायसवाल की तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। जांच समिति की रिपोर्ट मिलने के बाद पत्रांक 429/2025-26 दिनांक 11 सितम्बर 2025 के माध्यम से डा.रवि वर्मा को क्लीनिक सील करने हेतु सूचित किया गया था।

### जिलाधिकारी का हस्तक्षेप

इस मामले की सूचना जिलाधिकारी को भी दी गई थी। जिलाधिकारी ने 11 सितम्बर 2025 को पुलिस अधीक्षक, प्रधानाचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्राथमिकता के अनुसार कठोर दण्डात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए थे।

### जांच रिपोर्ट में गंभीर निष्कर्ष

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, ललितपुर द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ललितपुर को भेजी गई जाँच आख्या (पत्रांक 488/2025-26, दिनांक 29 सितम्बर 2025) में डा.रवि वर्मा के कृत्य को आपराधिक बताया गया है। जाँच समिति के निष्कर्षों में निम्नलिखित अनियमितताएँ पाई गईं, जिनमें पंजीकरण का अभाव-डा.रवि वर्मा ने क्लीनिक का पंजीकरण नहीं कराया था। अमानक उपचार- क्लीनिक में आने वाले रोगियों के पर्चा पर चिकित्सा परामर्श और औषधियों का विवरण-वितरण अंकित नहीं किया जा रहा था। लापरवाही- रोगी को जेन्टामाईसिल इंजेक्शन के बिना किसी साइड इफेक्ट जांच के दिया जाना पाया गया।

### कानूनी कार्रवाई

जांच समिति के निष्कर्षों और जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में, बिना पंजीकरण के चिकित्सा व्यवसाय में संलग्न डा.रवि वर्मा पुत्र यू.आर. वर्मा के विरुद्ध निम्नलिखित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिनमें भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 318(3), यह धारा धोखाधड़ी से संबंधित है। (उपलब्ध जानकारी के अनुसार, बीएनएस 318 धोखाधड़ी से संबंधित है, जिसका उपखंड (3) उन मामलों से संबंधित है जहाँ व्यक्ति यह जानते हुए धोखा देता है कि वह उस व्यक्ति को गलत तरीके से नुकसान पहुंचा सकता है जिसके लेनदेन में उसका हित है, और जिसे वह कानूनी रूप से रक्षा के लिए बाध्य था।), इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट, 1956 की धारा 15(3), यह धारा ऐसे व्यक्ति द्वारा आधुनिक वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धति का व्यवसाय करने पर रोक लगाती है, जिसका नाम राज्य चिकित्सा रजिस्टर में दर्ज न हो। पुलिस ने अब मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जाँच शुरू कर दी है।

### पिस्टल, लुहांगी से मारने का प्रयास

## तमंचा लिये बुद्धमानसिंह को पुलिस ने धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना जखौरा अन्तर्गत ग्राम बसवां में रहने वाले कल्लू सिंह पुत्र वीरभान सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसके खेत की मेड से लगा खेत राजा बाबू पुत्र लोकपाल सिंह का है। 10 अक्टूबर को उसकी भैंसे उसके ही खेत पर चर रहीं थीं। अपराह्न करीब 3 बजे उसकी भैंस खेत की मेड पर थी। तभी राजा बाबू ने उसकी भैंस को लाठी-डण्डा मारने लगा। पीड़ित ने बताया कि उसने जब राजा बाबू को रोका तो राजाबाबू अपने हाथ में कुल्हाड़ी लिये, पिस्टल लिये बुद्धमान पुत्र लोकपाल व लुहांगी लिये संजय पुत्र लोकपाल आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर जान से मारने को आमादा हो गये। बुद्धमान जो कि पिस्टल लिये था, वह जान से मारने की धमकी दे रहा था। पुलिसने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 131, 351 (3) व 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। घटना के बाद जांच करने पहुंचे उप निरीक्षक अरूण कुमार, उ.नि.प्रेमशंकर, हे.कां.अरविन्द कुमार, कां.सतीश कुमार ने बुद्धमानसिंह को निचली राजघाट नहर कूड़ाघर ग्राम पंचायत गुरसौरा के गेट के पास से धर दबोचा। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का डबल बैरल अवैध देशी तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस ने बुद्धमान सिंह के खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा 3/25 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## स्टे वाली जमीन पर लकड़ी रखकर अवैध कब्जे का प्रयास, मना करने पर मारपीट

### घटवार में हुए विवाद को लेकर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

घटवार में हुये विवाद को लेकर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित पक्ष की ओर से लीलादेवी पत्नी हरप्रसाद ने पुलिस को बताया कि 11 अक्टूबर को अपराह्न साढ़े तीन बजे वह अपने परिवार के साथ वेदी निर्माण कार्य में थी, उसके पति खाना खाने आये हुये थे। तभी पिसनारी निवासी सुरेश कुशवाहा पुत्र रूपलाल, घटवार निवासी जानकी प्रसाद, लक्ष्मन, हरकिशन पुत्रगण हजारीलाल, रामदेवी पत्नी लक्ष्मन, लाड़कुंवर पत्नी जानकी, जगतदेवी पत्नी हरकिशन व राजीव पुत्र हरकिशन एकराय होकर आये और स्टे वाली जमीन पर लकड़ी रखकर अवैध कब्जा करने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने उसके पति हरप्रसाद से गालियां देते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि कुल्हाड़ी, सरिया, डण्डे और बल्लियों से मारपीट कर दी। चीखपुकार होने परवह अपने बड़े जेठ जयराम कुशवाहा, पुत्र हेमन्त भागकर पहुंचे, तो उक्त लोगों ने सभी पर हमला करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शौचक्रिया को गयी महिला से अश्लीलता

थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 15 सितम्बर को शाम करीब 7 बजे अपने खेत में शौच क्रिया करने गयी हुयी थी। वहां पहले से मौजूद पड़ौस के राजू पुत्र दयाराम यादव ने आकर अश्लील बातें करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर राजू ने उसे गलत नीयत से पकड़ लिया और ले जाने लगा। वह चिल्लायी तो उसका पति तज्जू पुत्र कलुआ दौड़कर मौके पर पहुंचा, जहां उसने ललकारा तो राजू गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर राजू के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

थाना बार अंतर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायत दी है। बताया कि 11 अक्टूबर को अपराह्न करीब 12 बजे वह पुरानी बाखर में गयी थी। इस समय घर में उसकी 19 वर्षीय पुत्री अकेली थी। जब वह लौटकर आयी तो उसने देखा कि उसकी पुत्री घर में नहीं थी। खोजबीन करने पर पुत्री का कोई पता नहीं चला। महिला का आरोप है कि ग्राम दौलता निवासी शिवा पुत्र विजय वंशकार उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर शिवा वंशकार के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

## महाविद्यालय में गुड टच-बैड टच के बारे में बताया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महर्रा विद्यालय में गुड टच एवं बैड टच विषय पर एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य डा.सुनील जैन ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कहा कि बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से ही यह जानकारी दी जानी चाहिए कि कौन-सा स्पर्श सुरक्षित (गुड टच) है और कौन-सा असुरक्षित (बैड टच)। इससे वे किसी भी अनुचित परिस्थिति में स्वयं की सुरक्षा कर सकते हैं और अपने अधिकारों के प्रति सजग बन सकते हैं।

मुख्य वक्ता प्रीति जैन एवं भावना सेन ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को शारीरिक एवं मानसिक सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों को अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा विश्वसनीय व्यक्तियों से खुलकर संवाद करना चाहिए और किसी भी अनुचित व्यवहार का विरोध करने में संकोच नहीं करना चाहिए। छात्र-छात्राओं ने प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय भागीदारी की और विषय से संबंधित अनेक जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक एनएसएस संयोजक रामसेवक चंद्राकर एवं राकेश कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। कॉलेज के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं सदस्य उपस्थित रहे। आत्मविश्वास, सुरक्षा जागरूकता और आत्मसंरक्षण की भावना को सुदृढ़ करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ।

### समर्पित सेवा मंडल द्वारा धर्म संसद का आयोजन किया गया

# धर्म संसद में लव जिहाद से सतर्क रहने व सामाजिक समरसता के साथ सनातन संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

समर्पित सेवा मंडल के तत्वावधान में रविवार को नगर के कामधेनू मंगल वाटिका में विराट धर्म संसद का भव्य आयोजन किया गया।

इस धर्म संसद का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म में व्याप्त कुरीतियों के निवारण, लव जिहाद जैसी सामाजिक विकृतियों पर चिंतन तथा हिंदू समाज में एकता और जागरूकता लाना रहा। कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। संचालन डॉ. मनोज नारायण शास्त्री ने किया, जबकि आयोजन में शैलेंद्र सिंह टीलाखेड़ी, डॉ. मिथिलेश दांगी, राधिका शरण दास और सौरभ सिंह राजपूत की प्रमुख भूमिका रही।




**विदिशा।** धर्म संसद में शहर सहित वृंदावन से आए संत महंत भी हुए शामिल।

### ईश्वर की निंदा के करने वालों को सजा देने के लिए कठोर कानून बनाया जाना चाहिए

हिंद प्रहरी संगठन के संस्थापक सौरभ सिंह राजपूत ने कहा कि देश की संसद में ईश्वर की निंदा के विरुद्ध कठोर कानून बनाया जाना चाहिए ताकि सनातन धर्म का अपमान करने वालों को दंड मिल सके। वृंदावन से पधारे पंडित विपिन बिहारी महाराज ने कहा कि अब समय आ गया है जब धर्मावलंबियों को जागना होगा। अन्यथा लव जिहाद जैसी कुप्रवृत्तियां आने वाली पीढ़ियों के लिए संकट बन जाएंगी। महंत अनिलानंद महाराज ने कहा कि विप्र वर्ग का दायित्व है कि वह सभी वर्णों को एक सूत्र में बांधे, क्योंकि भगवान के प्रत्येक अवतार का मूल उद्देश्य विप्र और गौ रक्षा रहा है। डॉ. चतुर नारायण पाराशर ने कहा कि प्रत्येक नगर में धर्म संसद का आयोजन होना चाहिए ताकि सनातन की अलख जन-जन तक पहुंचे। बटुक महाराज ने धर्म संसद के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

### टीम ने पुराने कपड़े बर्तन, खिलौने जुटाए



**विदिशा।** रविवार को आसरा अपनों की टीम द्वारा एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पुराने कपड़े, बर्तन एवं खिलौने एकत्रित किए गए। यह शिविर नीमताल गांधी प्रतिमा के पास लगाया गया था।

आसरा अपनों का टीम पिछले चार वर्षों से इस तरह के शिविर लगाकर जरूरतमंदों के लिए सामग्री एकत्रित करती आ रही है। एकत्रित सामग्री को गरीब बस्तियों में जाकर वितरित किया जाता है। आसरा अपनों का के संस्थापक आदर्श तिवारी के साथ देव शर्मा, राजा यादव, हिमांशु विश्वकर्मा और ऋषि शिवहरे भी मौजूद थे।

## एनएमएमएस की परीक्षा में 83% छात्र उपस्थित रहे

### 14 केंद्रों पर 4996 विद्यार्थियों ने दी छात्रवृत्ति परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में रविवार को राष्ट्रीय-मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई। जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर कुल 6017 छात्रों को शामिल होना था, जिनमें से 4996 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार, जिले में कुल उपस्थिति प्रतिशत 83.03 दर्ज किया गया। जिला शिक्षा केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार कुरवाई ब्लॉक में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज की गई। यहां 609 में से 553 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जो 90.8 प्रतिशत रहा। वहीं, लटेरी ब्लॉक में सबसे कम उपस्थिति रही, जहां 875 में से केवल 626 विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे। यह उपस्थिति 71.54 प्रतिशत रही। अन्य ब्लॉकों में बासोदा में 87.25 प्रतिशत, ग्यारसपुर में 87.44 प्रतिशत, नटेरन में 80.36 प्रतिशत, सिरोंज में 81.91 प्रतिशत और विदिशा ब्लॉक में 85.46 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा के दौरान गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली।

### चार खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन

**विदिशा।** जिले के 4 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। उमरिया जिले में आयोजित होने वाली 69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए भोपाल संभाग की टीम में विदिशा के चार खिलाड़ियों ने जगह बनाई है।

हजारों की संख्या में कदमताल करते हुए निकले स्वयंसेवक, अनेकों स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत

# ऐतिहासिक पथ-संचलन में भारत माता के जयकारों से गूंज उठा राजगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को राजगढ़ नगर में संघ का ऐतिहासिक पथ-संचलन निकाला गया। इस पथ-संचलन में नगर सहित आसपास क्षेत्र के हजारों स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। नगर के विभिन्न स्थानों पर एकत्रित हुए छह टोलियों का समागम स्थानीय नाका नंबर-3 पर हुआ जहां से सभी स्वयंसेवक एकसाथ कदमताल करते हुए बाईपास से होते हुए स्टेडियम परिसर पहुंचे। इस बीच स्थान-स्थान पर विभिन्न सामाजिक, स्वयंसेवी एवं अन्य संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए संचलन में शामिल स्वयंसेवकों का अभूतपूर्व स्वागत, अभिनंदन किया गया। पथ-संचलन के स्टेडियम पहुंचने पर राजगढ़ की धरा पर जन्मे आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी का उद्बबोधन हुआ।



## समाज में पंच-परिवर्तन लाने पर दिया जोर



लगभग एक घंटे से अधिक समय तक चले अपने उद्बबोधन में सोनी ने समाज में पंच परिवर्तन की अवधारण पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने आरएसएस की स्थापना के मूल उद्धेश्य एवं आगामी कार्ययोजनाओं पर भी अपनी बात रखी। पंच-परिवर्तन के तहत उन्होंने कहा कि पहला परिवर्तन परिवार है। वर्तमान में हावी पश्चिमी सभ्यता और संस्कृति से अपने परिवार को बचाते हुए भावी पीढ़ी का निर्माण हमें करना है। इसके साथ ही समाज में समरसता एवं सद्भाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन सिर्फ मानव तक सीमित नहीं है बल्कि पर्यावरण संरक्षण पर भी हमें विशेष रूप से ध्यान रखना होगा। अगर पर्यावरण बचेगा तभी मानव जीवन रह पाएगा। उन्होंने कहा कि पंच-परिवर्तन का चैथा भाव स्वबोध है। हम क्या हैं और देश व समाज के हित हेतु हमें क्या करना है, इन सभी बातों का समावेश अपने जीवन में करना होगा। इसके साथ ही पंच-परिवर्तन का पांचवा भाव नागरिकों के कर्तव्य है।

### समाज में पनपे मूल दोष को हमें खत्म करना होगा

मुख्य वक्ता सोनी ने अपने उद्धबोधन के आरंभ में कहा कि हजारों सालों तक अलग-अलग देशों, जातियों ने आकर देश पर राज किया। सन 1925 में हुई आरएसएस की स्थापना के समय इस बात का भी ध्यान रखा गया कि अंग्रेजी हुकुमत से देश तो आजाद हो जाएगा लेकिन उसके उपरान्त समाज में दासता के मूल दोष को खत्म करने के लिए हमें क्या-क्या करना होगा।

### चाक-चौबंद रही पुलिस प्रशासन की व्यवस्था

पथ-संचलन के अभूतपूर्व एवं वृहद आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा भी व्यापक स्तर पर इतंजाम किए गए थे। अलग-अलग स्थानों पर पुलिस के आलाधिकारी अधीनस्थों को दिशा-निर्देश देते हुए नजर आए। पथ-संचलन के दौरान यातायात व्यवस्था भी सुव्यवस्थित नजर आई।

### व्यापारियों ने स्वेच्छा से बंद रखे अपने प्रतिष्ठान

राजगढ़ नगर में हुए इस वृहद आयोजन के चलते दोपहर 2 बजे उपरान्त नगर के लगभग सभी प्रतिष्ठान, दुकानें पूरी तरह बंद नजर आए। व्यापारियों ने स्वयं संचलन में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# अरनिया कला में विधायक ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल



अरनिया कला में सोमवार को विधायक घनश्याम चन्द्रवंशी ने 12 करोड़ 94 लाख की लागत से बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। विकास कार्यों में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को पूर्ण करते हुए अरनिया कला से शिवपुरी, अकलपुर बिन्नी तथा पंचदेहरिया से खाटसूर मार्ग का भूमिपूजन किया।

इसके आलावा ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन, श्मशानों का सौंदर्यीकरण और विभिन्न सीसी मार्ग का भूमिपूजन सहित कनकपुर धाम, नारु शंकर मंदिर, हनुमान व देव नारायण मंदिर का सौंदर्यीकरण, खेजडीया रोड नाली निर्माण, गौ शाला में सीसी निर्माण, कार्य का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम एक निजी स्कूल मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। तथा विधायक घनश्याम चन्द्रवंशी, भाजपा जीला उपाध्यक्ष भंवर सिंह पंवार, भाजपा नेता मूल सिंह कक्कू, देवी प्रसाद सोनानिया (ठेकेदार) जुगल किशोर तीवारी, तीलक दास महंत,जनपद सदस्य सुरेन्द्र उपलावदिया मण्डल अध्यक्ष लीला धर गौड़, धनसिह जाट आदि मचांसीन थे।

इस अवसर पर विधायक चन्द्रवंशी ने कहा कि हम हम कहने में नहीं करने में विश्वास रखते हैं ये सड़कें क्षेत्र के विकास में नई दिशा तय करेगी और आम जन के आवागमन को सुगम बनाएगी। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि कमल चन्द्रवंशी ने विधायक को एक माग पत्र सौंपते हुए अरनिया कला में कालेज की स्थापना, तहसील का दर्जा,नगर परिषद बनाने, कचरा वाहन उपलब्ध करवाने, तथा किसानों के खेतों तक पहुंचने के लिए मार्ग निर्माण की मांग की।

# ब्यावरा का खिलाड़ी बिखेर रहा जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



इंडियन मास्टर्स और न्यूजीलेंड के बीच 3 मैच की सीरीज भोपाल में इंडियन मास्टर्स एवं न्यूजीलेंड मास्टर्स की क्रिकेट टीम के बीच 3 मैचों की सीरीज भोपाल मे प्रारम्भ हुई। रविवार को सम्पन्न सीरीज के पहले मुकाबले मे इंडियन मास्टर्स ने शानदार खेल दिखाते हुए न्यूजीलेंड को 4 विकेट से पराजित किया। उल्लेखनीय है की इंडियन मास्टर्स की टीम मे ब्यावरा के मूल निवासी प्रतिभावान खिलाडी राहिल परवेज बतौर विकेट कीपर बैट्समेन भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। राहिल परवेज के चयन ने जिले का गौरव बढ़ाया है।

नवदंपती मिलन कार्यक्रम आयोजित

# युवा दंपत्तियों के साथ-साथ संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के अंतर्गत रविवार को नगर में नवदंपत्ति मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा दंपत्तियों के साथ-साथ संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से संघ के पूर्व सह सरकार्यवाह और संघ के अखिल भारतीय अधिकारी सुरेश सोनी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

### संयुक्त परिवार व्यवस्था को बताया भारत की पहचान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोनी ने कहा कि संयुक्त परिवार की परंपरा भारतीय समाज की पहचान रही है। उन्होंने कहा, एकल परिवार की व्यवस्था हमारे देश की परंपरा नहीं है, बल्कि यह विदेशी चलन है। हमारी संस्कृति में परिवार केवल माता-पिता और बच्चों तक सीमित नहीं, बल्कि दादा-दादी, चाचा-चाची, भाई-बहन, सभी का स्नेह और साथ होता था। उन्होंने बताया कि संयुक्त परिवार में रहकर बच्चे न केवल संस्कार सीखते हैं, बल्कि अपने बड़ों के अनुभवों से जीवन जीने की कला भी समझते हैं। समय के साथ एकल परिवार का चलन बढ़ने से आपसी संवाद और पारिवारिक एकजुटता में कमी आई है, जो समाज के लिए चिंता का विषय है।

## युवा पीढ़ी को दिया संदेश

सोनी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे आधुनिकता को अपनाएं, लेकिन अपनी संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को न भूलें। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार न केवल सामाजिक सुरक्षा देता है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक मजबूती का भी आधार होता है। परिवार ही वह पहला विद्यालय है जहां बच्चा जीवन के संस्कार सीखता है।इस मौके पर संघ के विभाग संघचालक उदयसिंह चैहान, नगर संघचालक राधेश्याम शर्मा मंचासीन रहे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नवदंपत्तियों में पारिवारिक एकता, भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। संघ द्वारा देशभर में इस प्रकार की कुटुंब प्रबोधन गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, ताकि समाज में पारिवारिक व्यवस्था मजबूत बनी रहे और आने वाली पीढ़ियां अपनी जड़ों से जुड़ी रहें।

### संस्कृति और परंपराओं से जुड़ाव पर बल

सोनी ने कहा कि यदि परिस्थितियों के कारण परिवार एक साथ नहीं रह पा रहे हैं, तो भी सप्ताह में कम से कम एक दिन सभी को एकत्र होकर भोजन करने की परंपरा शुरू करनी चाहिए। इससे आपसी संबंध मजबूत होंगे और आने वाली पीढ़ियों में पारिवारिक जुड़ाव की भावना विकसित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि हर हिंदू परिवार में धार्मिक ग्रंथ और साहित्य होना चाहिए ताकि बच्चे अपने धर्म, संस्कृति, त्यौहारों और महापुरुषों के बारे में जान सकें। उन्होंने नवदंपत्तियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें अपने व्यवहार, वाणी और जीवनशैली से परिवार में संस्कारों का वातावरण बनाना चाहिए।

# इनामी बदमाश को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता



**शुजालपुर**। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय एवं अनुविभागीय अधिकारी निमेश देशमुख द्वारा गंभीर अपराध के आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार हेतु पुलिस को निर्देशित किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में दिनांक 25 अक्टूबर 2023 को फरियादी नरेंद्र पिता कमल कोहली निवासी शुजालपुर मंडी की रिपोर्ट पर थाना शुजालपुर मंडी में अपराध क्रमांक 470/ 2023 धारा 341 ,323, 294, 506, 34 भादवी एससी एसटी एक्ट का एवं फरियादी राज गोयर पिता संतोष गोयर निवासी शुजालपुर मंडी की रिपोर्ट पर थाना शुजालपुर पर अपराध क्रमांक 471/ 2023 धारा 323, 294, 506, 34 एससी एक्ट का आरोपी किशोर उर्फ गोलू मीणा पिता महेश मीणा निवासी मिर्ची बाजार शुजालपुर मंडी के विरुद्ध पंजीबद्ध अपराध को विवेचना में लिया गया। प्राण घातक हमला करने पर धारा 307 भादवि का इजाफा किया गया। आरोपी घटना दिनांक से फरार एवं जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 5000 के इनाम के घोषणा की गई। 11 अक्टूबर को मुखबीर की सूचना एवं साइबर सेल शाजापुर की मदद से निरीक्षक शिवकुमार यादव थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी के द्वारा टीम गठित कर आरोपी किशोर उर्फ गोलू मीणा शुरू की गई एवं आरोपी को माकडोन से घेराबंदी कर पकड़कर जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक शिवकुमार यादव थाना प्रभारी थाना शुजालपुर मंडी, उप निरीक्षक विजय खत्री, विकास तिवारी साइबर सेल, आशीष वर्मा, रविकांत यादव, पवन परमार, अनिल सक्सेना, घनश्याम राजपूत, अंजू तोमर, संदीप यादव, महेश कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

# पोषण माह अभियान के तहत माताओं को दिया संतुलित आहार का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल




पोषण माह अभियान के अंतर्गत 'भोजन घर पर ही बनाएंगे और घर का ही खाएंगे' कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को कर्मचारी कॉलोनी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर किया गया। कार्यक्रम में उप संचालक राधा सोलंकी, सहायक संचालक नीलम चौहान, नगर परिषद पानखेड़ी वार्ड क्रमांक 5 पार्षद अनीता भगवत राजपूत, पर्यवेक्षक ममता मानवत, सरिता बागडे, ज्योति बामनिया, एवं विकासखंड समन्वयक (पोषण) सुरेन्द्र सिंह मेवाड़ा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप संचालक राधा सोलंकी एवं पार्षद अनीता भगवत राजपूत ने उपस्थित मातृशक्तियों से आवाहन किया कि वे स्वयं भी संतुलित एवं पोषक तत्वों से युक्त भोजन ग्रहण करें और अपने बच्चों को भी पौष्टिक आहार देने की आदत डालें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मां ही स्वस्थ समाज की आधारशिला है। इस अवसर पर अनीता भगवत राजपूत ने मातृशक्तियों एवं बच्चों को जंक फूड से दूरी बनाकर प्राकृतिक एवं घरेलू आहार अपनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में सामाजिक संस्था अटल अभ्युदय संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष भगवत सिंह राजपूत, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आरती माहेश्वरी, रितेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां उपस्थित रहीं।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

**जीरापुर**। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में पूरे भारतवर्ष में कक्षा पांच से 12वीं तक एवं कॉलेज स्तर पर इस परीक्षा का आयोजन किया जाता है, जिसमें सभी छात्र-छात्राएं सम्मिलित होकर अपने समसामयिक ज्ञान में वृद्धि करते हैं। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की प्रमुख विशेषता यह है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, महापुरुष, भौगोलिक जीवन की कला एवं वैज्ञानिक दृष्टि से पांचवी से 12वीं एवं कॉलेज स्तर तक के बच्चों को विभिन्न प्रश्नोत्तरी का ज्ञान इस परीक्षा से प्राप्त होता है। गायत्री शक्तिपीठ मुख्य ट्रस्टी देवनारायण दांगी ने बताया कि नगर के शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के सभी विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होकर सभी प्रकार के ज्ञान के प्रश्न उत्तर का अनुभव प्राप्त करेंगे। इसलिए अधिकाधिक संख्या में इस परीक्षा में सम्मिलित होवे। ताकि आपको इस परीक्षा से जो अनुभव मिलेगा वह आपके भविष्य में अन्य परीक्षाओं में बेहतर अनुभव के साथ काम आएगा।

# स्वदेशी अपनाना ही सच्ची देशभक्ति : डॉ. ध्रुव भल्ला



**सारंगपुर**। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को दीनदयाल उपाध्याय स्वदेशी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. ध्रुव भल्ला ने कहा कि हमारे दैनिक जीवन में जितना अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग किया जा सकता है, हमें करना चाहिए। अपने आसपास निर्मित स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना ही देश के आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक बड़ा कदम है। संगोष्ठी की अध्यक्षता अखिल भारतीय साहित्य परिषद सारंग के अध्यक्ष सुशील व्यास ने की। उन्होंने कहा कि संगठन शिल्पी पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की चिंता की थी। उनका 'एकात्म मानववाद' आज भी समाज के सर्वांगीण विकास का मार्गदर्शन करता है।

कार्यक्रम की भूमिका जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया ने प्रस्तुत की। शुभारंभ मां सरस्वती की आराधना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ममता खोइया, डॉ. ध्रुव भल्ला, सुशील व्यास सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पवन बेस एवं सुश्री रेखा नागर ने किया तथा आभार प्रदर्शन दर्शन फूलसिंह नागर द्वारा किया गया।

मंत्री नारायण सिंह पंवार व सांसद रोडमल नागर ने किया कार्यकर्ताओं को संबोधित

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

रविवार को सुठालिया बड़े बाग वाले हनुमान मंदिर परिसर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत ब्यावरा विधानसभा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक नारायण सिंह पंवार एवं क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सम्मेलन का शुभारंभ मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ ,इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की उपस्थिति रही। मंत्री नारायण सिंह पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने विकास की नई ऊंचाइयां छुई हैं। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाएं कृ हर घर नल से जल (जल जीवन मिशन), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं ने ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो कहा गया, वह करके दिखाया गया। चाहे वह अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो या जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 का ऐतिहासिक रूप से हटाया जाना कृ भाजपा सरकार ने अपने हर वादे को धरातल पर उतारकर दिखाया है। आज भारत न केवल सांस्कृतिक रूप से पुनर्जीवित हुआ है, बल्कि आर्थिक, सामरिक और सामाजिक रूप से भी आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है।"उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में पूर्ण विज्ञान निहित है, जिसे आज विदेशी देश सीखकर आगे बढ़ रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री जी की नीतियों और भारत की तेज प्रगति की पूरे विश्व में सराहना हो रही है और उनके नेतृत्व में भारत आज विश्व मंच पर एक मजबूत राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

### इस अवसर पर सांसद ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा

आत्मनिर्भर भारत का वास्तविक स्वरूप तभी साकार होगा जब हम 'स्वदेशी अपनाएं'। प्रधानमंत्री मोदी जी का 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भावना से जुड़ा है। जब हम अपने उत्पाद, अपनी मिट्टी और अपने श्रम का सम्मान करेंगे, तभी सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर भारत बनेगा। सांसद नागर ने कहा कि आज भारत की सेना लगातार सशक्त हो रही है, हमारे सैनिक आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन के माध्यम से आधुनिक हथियारों से लैस हैं। अब भारत रक्षा के क्षेत्र में आयातक नहीं, बल्कि निर्यातक देश बनकर उभर रहा है, जो आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम के पश्चात सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सफल बनाने का प्रण लिया। इस कार्यक्रम में राजगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, पूर्व राज्य मंत्री बद्रीलाल यादव, जिला महामंत्री अमित शर्मा, जिला उपाध्यक्ष जगदीश पंवार, जसवंत गुर्जर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, रामनारायण दांगी, अशोक अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चैहान, बलवान सिंह, दिनेश मीना, जयेंद्र गुर्जर, राजू यादव, कल्याण सिंह गुर्जर, इंदर सिंह लववंशी,पवन कुशवाह, गिरराज लोधी सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।